यूपी बोर्ड कक्षा 10 सामाजिक विज्ञान गतवर्ष प्रश्न-पत्र-2012 सेट-1

4ono.com

हाईस्कूल परीक्षा, 2012

सामाजिक विज्ञान–केवल प्रश्नपत्र

समय : तीन घण्टे 15 मिनट] 825 (GR) [पूर्णांक : 70

खण्ड-क (बहुविकल्पीय प्रश्न)

निर्देशः निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर उत्तर पुस्तिका में लिखिए :

1. कौन-सा ग्रंथ मैकियावेली ने लिखा था ? 1
(क) डिवाइन कामेडी (ख) द प्रिन्स (ग) यूटोपिया (घ) रोमियो जूलियट।

2. दूरबीन के आविष्कारक थेः 1
(क) गैलिलियो (ख) केपलर (ग) न्यूटन (घ) कोपरनिकस।

3. रूस की क्रान्ति हुई थी : 1
(क) 1807 ई० में (ख) 1907 ई० में (ग) 1917 ई० में (घ) 1927 ई० में।

4. 'ब्रह्म समाज' की स्थापना हुई थी : 1
(क) 1824 ई० में (ख) 1826 ई० में (ग) 1828 ई० में (घ) 1830 ई० में।

5. राज्यसभा का पदेन सभापति होता है : 1
(क) राष्ट्रपति (ख) उप-राष्ट्रपति
(ग) लोकसभा का अध्यक्ष (घ) प्रधानमंत्री।

6. उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति करता है : 1
(क) राष्ट्रपति (ख) उप-राष्ट्रपति
(ग) प्रधानमंत्री (घ) मुख्य चुनाव आयुक्त।

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न) 1

7. रूसो कौन था ? उसकी प्रसिद्ध रचना कौन-सी थी ? 1+1

8. उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम बताइए। 1+1

9. संयुक्त राष्ट्रसंघ की स्थापना कब हुई ? इसका मुख्यालय कहाँ है ? 1+1

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

10. यूरोप में औद्योगिक क्रान्ति के **दो** कारणों का उल्लेख कीजिए। 1½+1½
अथवा फ्रांस और प्रशा के मध्य युद्ध का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कीजिए। 3

11. लोकसभा के गठन की प्रक्रिया समझाइए। 3
अथवा केन्द्रीय मंत्रिपरिषद् के सामूहिक उत्तरदायित्व का क्या अर्थ है ? 3

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

12. भारत छोड़ो आन्दोलन पर प्रकाश डालिए तथा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम पर इसके प्रभाव की विवेचना कीजिए। 4+2
अथवा भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में गांधी एवं नेहरू की भूमिका की समीक्षा कीजिए। 6

13. भारतीय सैन्य संगठन का संक्षिप्त विवरण दीजिए। 6
अथवा भारत के साथ पड़ोसी देशों के सम्बन्ध पर संक्षिप्त निबन्ध लिखिए। 6

(मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न)

14. निम्नलिखित स्थानों को भारत के मानचित्र में ● चिन्ह द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम तथा सही स्थिति के लिए ½+½ अंक निर्धारित हैं।
(i) वह स्थान जहाँ कालिदास का जन्म हुआ था। ½+½
(ii) वह स्थान जहाँ कन्दरिया महादेव मंदिर स्थित है। ½+½
(iii) वह स्थान जहाँ पल्लवों की राजधानी थी। ½+½
(iv) वह स्थान जहाँ लालकिला है। ½+½
(v) वह स्थान जहाँ मुस्लिम विश्वविद्यालय स्थित है। ½+½

खण्ड-ख (बहुविकल्पीय प्रश्न)

निर्देशः निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए :

15. नीलगिरि पर्वत स्थित है 1
(क) उत्तरी भारत में (ख) दक्षिणी भारत में
(ग) पूर्वी भारत में (घ) पश्चिमी भारत में।

16. निम्नलिखित में से किस नदी पर हीराकुण्ड बाँध बनाया गया है ? 1
(क) सतलज (ख) महानदी (ग) नर्मदा (घ) दामोदर।

17. निम्नलिखित में कहाँ सुन्दरवन पाये जाते हैं ? 1
(क) गंगा डेल्टा (ख) थार मरुस्थल
(ग) दक्षिण के पठारी भाग (घ) शिवालिक पर्वत।

18. हेमेटाइट का संबंध किस खनिज से है ? 1
(क) तांबा से (ख) बाक्साइट से (ग) सोना से (घ) लौह अयस्क से।

19. निम्नांकित में से कौन-सा स्थानीय निकाय की आय का स्रोत है ? 1
(क) आयकर (ख) उत्पादन कर (ग) चुंगी (घ) व्यापार कर।

20. योजना आयोग का अध्यक्ष कौन होता है ? 1
(क) कृषि मंत्री (ख) प्रधानमंत्री (ग) वित्त मंत्री (घ) गृह मंत्री।

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

21. मानसूनी वर्षा की **दो** विशेषताएँ लिखिए। 1+1

22. रबी की किसी **एक** फसल का नाम एवं उसके बोने का समय बताइए। 1+1

23. कृषि पर आधारित किन्हीं **दो** उद्योगों के नाम लिखिए। 1+1

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

24. आपदा किसे कहते हैं ? **दो** प्राकृतिक और **दो** मानवीय आपदाओं के नाम लिखिए। 3
अथवा जलोढ़ मिट्टी का निर्माण कैसे होता है ? खादर और बांगर क्षेत्र में अन्तर बताइए। 3

25. आर्थिक नियोजन की **दो** विशेषताएँ बताइए। वर्तमान मिश्रित अर्थव्यवस्था का वर्णन कीजिए। 1+1+1
अथवा मौद्रिक नीति से क्या अभिप्राय है ? इसके कोई **दो** उद्देश्य बताइए। 1+1+1

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

26. भारत में जनसंख्या वृद्धि के **तीन** कारण तथा उसके नियन्त्रण के **तीन** उपाय बताइए। 6
अथवा भारतीय सड़कों के प्रकार एवं उनके **चार** महत्व पर प्रकाश डालिए। 6

27. बाजार किसे कहते हैं ? क्षेत्र एवं समय की दृष्टि से बाजार का वर्गीकरण कीजिए। 6
अथवा राज्य सरकार के आय के **तीन** स्रोतों एवं व्यय की **तीन** मदों पर प्रकाश डालिए। 6

(मानचित्र कार्य)

28. भारत के दिए गए मानचित्र में निम्नांकित को प्रदर्शित कीजिए:
(क) सतपुड़ा पर्वत ~ चिन्ह द्वारा नाम सहित। ½+½
(ख) चाय उत्पादन का एक प्रमुख क्षेत्र ⁞⁞ चिन्ह द्वारा। 1
(ग) कान्डला बन्दरगाह ⦿ चिन्ह द्वारा नाम सहित। ½+½
(घ) लोहा-इस्पात उद्योग का एक केन्द्र ▲ चिन्ह द्वारा नाम सहित। ½+½
(ङ) महानदी ⁓ चिन्ह द्वारा नाम सहित। ½+½

4ono.com